# 14 जिलों में कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर खोलेगी सरकार, समूह की महिलाएं करेंगी संचालित

लखनऊ। प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए 14 जिलों में कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर (सामान्य परिपोषण केंद्र) खोलेगी। इसका संचालन महिला समूह करेंगी। इन केंद्रों का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उद्यमिता कौशल को बढ़ावा देना है।

## लखनऊ, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी समेत 14 जिलों में खुलेंगे सेंटर

कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर में महिलाओं को खादी बुनाई, खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती, हस्तशिल्प, डिजिटल मार्केटिंग जैसी नई तकनीकों का प्रशिक्षण मिलेगा। व्यावसायिक परामर्श, मार्केटिंग सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही स्टार्टअप और छोटे उद्योग शुरू करने के लिए संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इन सेंटर से जुड़कर महिलाएं खुद का व्यवसाय शुरू कर सकेंगी। राज्य सरकार इन केंद्रों को महिलाओं के रोजगार और स्वरोजगार के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित करना चाहती है। इससे प्रदेश में महिलाओं के नेतृत्व में छोटे उद्योगों की संख्या बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

- **इन जिलों में होगा सेंटर का संचालन :** कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, बस्ती, गोरखपुर, कौशांबी, कानपुर देहात, झांसी, लखनऊ, मेरठ, मिर्जापुर, सहारनपुर व वाराणसी में खोले जाएंगे। इसके लिए मिशन निदेशक उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने इन जिलों के मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजा है। (संवाद)